प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 31.01.2025

मुख्य समाचारः—

- राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ आज से शुरू हुआ संसद का बजट सत्र—आज आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश किया गया।

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल पेश करेंगी केन्द्रीय बजट।

- प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के तहत आज नाम वापसी का अंतिम दिन था।

- बीजापुर में दस और कांकेर में सात इनामी माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

संसद—बजट सत्र

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वभर में अस्थिरता के बीच भारत आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिरता के एक स्तंभ के रूप में दुनिया के सामने उदाहरण पेश कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक देश की भावी पीढियां, निश्चित रूप से एक विकसित, सुदृढ, सक्षम और समृद्ध भारत बनकर उभरेंगी। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि देशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना के विस्तार का फैसला किया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए पांच लाख 36 हजार करोड़ रूपया खर्च किए जाने की योजना है। जनजातीय समाज के पांच करोड लोगों के लिए जनजाति ग्रामोत्कर्ष अभियान प्रारंभ हुआ है। इसके लिए अस्सी हजार करोड़ रूपया का प्रावधान किया गया।

राष्ट्रपति ने कहा कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान पांच करोड़ जनजाति लोगों के लिए शुरू किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा है कि उनकी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा लाभ देने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि संसद का बजट सत्र दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में नया आत्मविश्वास और ऊर्जा भरेगा। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश, विकसित भारत के अपने संकल्प को पूरा करेगा।

आर्थिक सर्वेक्षण

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में आर्थिक समीक्षा दो हजार चौबीस—पच्चीस पेश की। इसमें चालू वित्त वर्ष में भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में छह दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है। वित्त वर्ष दो हजार छब्बीस में यह वृद्धि छह दशमलव तीन से छह दशमलव आठ प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। आर्थिक सर्वेक्षण में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि घरेलू अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है, जिसमें संतुलित राजकोषीय समेकन और स्थिर निजी खपत है। इसमें उल्लेख किया गया है कि देश ने कृषि और सेवा क्षेत्र द्वारा समर्थित स्थिर आर्थिक विकास प्रदर्शित किया है। सर्वेक्षण में बताया गया है कि देश की जीडीपी वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस की पहली तिमाही में छह दशमलव

सात प्रतिशत और दूसरी तिमाही में पांच दशमलव चार प्रतिशत बढ़ी है। इसका मतलब है कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि छह प्रतिशत होगी।

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल 01 फरवरी को संसद में केंद्रीय बजट पेश करेंगी। लोकसभा में सुबह 11 बजे उनका बजट भाषण शुरू होगा।

निकाय चुनाव–नामांकन

प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के तहत आज नाम वापसी का अंतिम दिन था। नाम वापसी के अंतिम दिन बसना नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए है। इसके बाद इस नगर पंचायत में अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर खुशबू अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित हो गई है। फिंगेश्वर में भी कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया है।

इस बीच, भिलाई के शारदा पारा वार्ड क्रमांक–पैंतीस में नगर निगम के उप चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी मनोज सिन्हा ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में प्रवेश करते हुए अपना नामांकन वापस ले लिया है।

उधर, मुंगेली जिले के पथरिया नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक–पांच से मनोज पाण्डेय और वार्ड क्रमांक–सात से मेलाराम डड़सेना निर्विरोध पार्षद चुने गए हैं।

मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी से कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

वहीं, रायगढ़ से दो पार्षद प्रत्याशियों ने नाम वापस लेकर भाजपा प्रवेश कर लिया है। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर धमतरी नगर पालिक निगम से महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा के नामांकन को निरस्त करने के आदेश को नियम विरूद्ध बताते हुए विजय गोलछा को चुनाव में भाग लेने की अनुमति प्रदान किए जाने का आग्रह किया है।

नगरीय निकाय चुनाव–प्रचार

प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के तहत भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और अन्य पार्टियों के प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है और उनके पक्ष में पार्टी के वरिष्ठ नेता संभाएं ले रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय  आज रायपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है।

निकाय चुनाव–अवकाश

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत प्रदेश में तीन अलग–अलग तारीखों में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। आयोग की तरफ से जारी आदेश के अनुसार ग्यारह, सत्रह और बीस फरवरी को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। यह अवकाश उन क्षेत्रों में लागू होगा जहां मतदान होगा।

माओवादी–आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में आज छह लाख रूपए के इनामी समेत दस माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित माओवादियों में एओबी के पार्टी सदस्य, सीएनएम अध्यक्ष, डी.ए.के.एम.एस. अध्यक्ष, पीएलजीए सदस्य, जनताना सरकार के सदस्य, कुटीर शाखा और कृषि शाखा के अध्यक्ष समेत सदस्य शामिल हैं। इन माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

वहीं, कांकेर जिले में आज सात इनामी माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। डीआईजी अमित कामले ने बताया कि इनमें से तीन माओवादियों पर आठ–आठ लाख रूपए, एक माओवादी पर पांच लाख रूपए और तीन माओवादियों पर एक–एक लाख रूपए का इनाम घोषित था।

इस बीच, राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने आज गरियाबंद जिले से दो माओवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों माओवादी पर बड़े गोबरा इलाके में सत्रह नवंबर को हुई आईडी विस्फोट की घटना में शामिल रहने का आरोप है। इस विस्फोट में आईटीबीपी के एक जवान की मौत हो गई थी।

वहीं, गरियाबंद जिले के भालू डिग्गी के जंगलों से सुरक्षा बलों ने आज सर्चिंग के दौरान माओवादियों द्वारा लगाई गई आईईडी बरामद की है, जिसे बम निरोधक दस्ते की टीम ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया।

उत्तराखंड–राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ ने अब तक चार स्वर्ण और चार कांस्य पदक हासिल किए हैं। आज चौथे दिन वुशू खेल में छत्तीसगढ़ के डी. पार्थ ने ताऊ लू जियानशू इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त किया। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए दल के उप प्रमुख प्रशांत सिंह ने बताया कि –

धान खरीदी

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी का आज अंतिम दिन था। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि राज्य सरकार धान खरीदी की तारीख को आगे नहीं बढ़ाएगी। मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कटे हुए टोकनों के आधार पर ही धान खरीदी होगी। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस ने धान खरीदी की अवधि बढ़ाने की मांग की है।गौरतलब है कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी चौदह नवम्बर से शुरू हुई थी।

उच्च न्यायालय–सुनवाई

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ती दुर्घटनाओं पर चिंता जताई है। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश रविन्द्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ में कल एक जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। डबल बेंच ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश दिया है कि दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी योजना तैयार की जाए और इसे अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। मामले की अगली सुनवाई चौबीस मार्च को होगी।

संक्षिप्त समाचार

- अग्निवीर वायु की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ाई गई है। अब दो फरवरी तक आवेदन किए जा सकते हैं। इसकी परीक्षा मार्च में होगी।

- एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने एक लाख रूपए की रिश्वत लेते हुए पटवारी सुशील जायसवाल और उसके सहयोगी गुलाब दास मानिकपुरी को गिरफ्तार किया है।